प्रो. रामकुमार चौकसे बने क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक

नर्मदापुरम| मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल ने नर्मदापुरम क्षेत्रीय केंद्र के सुचारू संचालन के लिए नई नियुक्तियां की हैं। कुलगुरु के आदेशानुसार, शास. नर्मदा कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रामकुमार चौकसे को क्षेत्रीय केंद्र का अंशकालिक निदेशक मनोनीत किया है। वहीं, इसी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मधुकर इटेवार को आगामी आदेश तक अंशकालिक उपनिदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुलसचिव द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। विश्वविद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इन नियुक्तियों से संभाग के विद्यार्थियों को प्रशासनिक कार्यों और अकादमिक गतिविधियों में काफी सुविधा होगी।

विद्यार्थी देवो भवः

M.P. BHOJ

M.P. BHOJ OPEN UNIVERSITY

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल, (म.प्र.)
Madhya Pradesh Bhoj(Open) University, Bhopal (M.P)
(Accredited with Grade 'A' by NAAC)
(Established under the Act of 1991 by M.P. Legislative Assembly)

समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के नाम से ही किया जावे न कि किसी अन्य पदाधिकारी के नाम से। संबधित विषय पर यदि पूर्व में पत्र व्यवहार हुआ हो तो पत्र क्रमांक एवं दिनांक अवश्य लिखा जावे जिससे सुविधा हो।

पता : राजा भोज मार्ग, कोलार रोड, भोपाल–462016
दूरभाष : 0755–2492093
फेक्स : 0755–2424640
वेबसाइट : https://mpbou.edu.in/
ईमेल : registraroffice.mpbou@gmail.com

क्रमांक / 140 / स्था. / मप्रभोमुविवि / 2026 **भोपाल, दिनांक** 15/5/26

// आदेश //

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के परिनियम क्रमांक 13(4) में विनिर्दिष्ट शक्तियों का प्रयोग करते हुए मान. कुलगुरू द्वारा **प्रो. रामकुमार चौकसे**, **प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम** को मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र नर्मदापुरम में **निदेशक, अंशकालीन** तथा **डॉ. मधुकर इटेवार**, सहा. प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम को क्षेत्रीय केन्द्र नर्मदापुरम में आगामी आदेश तक **अंशकालीन आधार पर उपनिदेशक** के रुप में कार्य करने हेतु नामित किया जाता है।

प्राचार्य **प्रो. रामकुमार चौकसे** एवं **डॉ. मधुकर इटेवार** को क्षेत्रीय केन्द्र नर्मदापुरम में सौपे गयें दायित्वों के निर्वहन हेतु विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्रतिमाह मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कुलसचिव

पृष्ठांकन क्रमांक / 141 / स्था / मप्रभोमुविवि / 2026 भोपाल, दिनांक 15/5/26

प्रतिलिपिः

1. प्रो. रामकुमार चौकसे, प्राचार्य, प्रधानमंत्री कालेस ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम की ओर सूचनार्थ।
2. डॉ. मधुकर इटेवार, सहा. प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) प्रधानमंत्री कालेस ऑफ एक्सीलेंस,शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम की ओर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र, सतपुडा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. कार्यालय, क्षेत्रीय केन्द नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
5. समस्त विभागाध्यक्ष / क्षेत्रीय निदेशक म. प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल।
6. वित्त नियंत्रक, म. प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल।
7. प्रभारी आईटी सेल, म. प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इस आदेश को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।
8. निज सहायक के माध्यम से मा. कुलगुरू जी / कुलसचिव म. प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
9. मूल नस्ती।

सहायक कुलसचिव